प्रेषक,

प्रभुनाथ

विशेष सचिव,

उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

प्रमुख अभियन्ता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष,
लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 लखनऊ

लोक निर्माण अनुभाग-9 लखनऊ दिनांक 30 मार्च, 2022

विषय- वित्तीय वर्ष 2021-22 में अनुदान सं0-58 के अन्तर्गत नाबार्ड वित्त पोषित आर0आई0डी0एफ0 योजना के अन्तर्गत सम्पर्क मार्ग के चालू कार्य हेतु धनराशि अवमुक्त किये जाने के सम्बन्ध में।

महादेय,

उपर्युक्त विषयक मुख्य अभियन्ता (मु0-1) लोक निर्माण विभाग, लखनऊ के पत्र संख्या-41/CE-HQ1/RIDF-26/2021-22, दिनांक 28.03.2022 एवं पत्र संख्या-44/CE-HQ1/RIDF-26/2021-22, दिनांक 28.03.2022 के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि आर0आई0डी0एफ0 योजनान्तर्गत संलग्न सूची के स्तम्भ-4 में उल्लिखित शासनादेशों द्वारा स्वीकृत विभिन्न जनपदों के कुत 04 चालू कार्यो की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गयी थी। वित्तीय वर्ष 2021-22 में उक्त 04 चालू कार्यों में से 02 चालू कार्यों हेतु संलग्न तालिका-1 के स्तम्भ-11 के अनुसार रू0 29,61,000/- (रूपये उनतीस लाख इकसठ हजार मात्र) एवं तालिका-2 के स्तम्भ-11 के अनुसार रू0 35,44,000/- (रूपये पैंतीस लाख चौवालिस हजार मात्र), इस प्रकार कुल 04 चालू कार्यों हेतु रू0 65,05,000/- (रूपये पैंसठ लाख पांच हजार मात्र) की धनराशि अवमुक्त किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

2- उक्त धनराशि केवल उल्लिखित परियोजना पर ही मानक एवं विशिष्टियों के अनुरूप व्यय की जायेगी तथा इसका उपयोग अन्य किसी प्रयोजन के लिए नहीं किया जायेगा।

3- नाबार्ड योजनान्तर्गत निर्माणाधीन मार्गों के गुणवत्तायुक्त निर्माण की प्रगति की नियमित समीक्षा कर उन्हें समयान्तर्गत पूर्ण किया जाय तथा समीक्षा रिपोर्ट नियमित रूप से उपलब्ध करायी जाय।

4- विभाग द्वारा प्रश्नगत परियोजना पर धनराशि नाबार्ड की शर्तो का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए व्यय की जायेगी तथा उपयोगिता प्रमाण पत्र निर्धारित प्रारूप पर उपलब्ध कराया जाय।

क्रमश-.....

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

5- वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-3/2021/बी-1-375/दस-2021-231/2021, दिनांक 22 मार्च, 2021 में वित्तीय स्वीकृतियों निर्गत किये जाने के सम्बन्ध में दिये गये दिशा-निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

6- संलग्न तालिका के स्तम्भ-5 में उल्लिखित शासनादेशों की शेष शर्ते यथावत रहेंगी।

7- प्रश्नगत कार्य पर होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2021-22 के अनुदान संख्या-58 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक 5054-सड़कों तथा सेतुओं पर पूँजीगत परिव्यय 04-जिला तथा अन्य सड़कें, 337-सड़क निर्माण कार्य, 64-नाबार्ड वित्त पोषित आर0आई0डी0एफ0 योजना अन्तर्गत कृषि विपणन सुविधाओं हेतु ग्रामीण सम्पर्क मार्गो/लघु सेतुओं के चालू कार्यो हेतु एकमुश्त व्यवस्था (जिला योजना), 00, 24-वृहद निर्माण कार्य के अन्तर्गत प्राविधानित धनराशि के नामे डाला जायेगा।

8- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-3/2021/बी-1-375/दस-2021-231/2021, दिनांक 22 मार्च, 2021 में प्राविधानित अधिकारों के अंतर्गत जारी किये जा रहे हैं।

संलग्नक-यथोक्त ।

भवदीय,

(प्रभुनाथ)
विशेष सचिव

संख्या उपरोक्त एवं तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- महालेखाकार, प्रथम (निर्माण), उ0प्र0 प्रयागराज ।
2- महाप्रबन्धक, राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक, उ0प्र0 क्षेत्रीय कार्यालय, 11 विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ।
3- नोडल अधिकारी, बजट आवंटन प्रणाली, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0शासन।
4- मुख्य अभियन्ता (मु0-1), लो0नि0वि0, उ0प्र0 लखनऊ / वित्त नियंत्रक, लोक निर्माण विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ ।
5- वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-8/वित्त (आय-व्ययक), अनुभाग-2, उ0प्र0 शासन।
6- संबंधित अधिशासी अभियन्ता/ कोषाधिकारी।
7- लोक निर्माण अनुभाग-10।
8- गार्डफाइल।

आज्ञा से,

(राजेन्द्र प्रसाद)
उप सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

shasanadesh.up.nic.in

शासनादेश संख्या-43/2021/175/23-9-2022-12नाबार्ड(स0मा0)/2019टी0सी0,

दिनांक 30 मार्च, 2022 का संलग्नक

तालिका-1

(धनराशि रू0 लाख में)

क्रम सं0	जनपद का नाम	मार्ग का नाम	शासनादेश संख्या	स्वीकृत मूल / लागत	दि .31.3. 2021 तक आवंटन	दि . 01.04.2021 को अवशेष	बचत	वर्ष 2021-22 में आवंटन	अद्यतन अवशेष	वित्तीय वर्ष 2021-22 में अवमुक्त धनराशि
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1	बरेली	नबावबंजबरखन- मार्ग के किमी-3 से देवरनिया प्रसादी लाल सम्पर्क मार्ग	52/2021/122/23-9-2021-19नार्बाउस)0मा0)/2020	185.95	11.00	174.95	0.00	137.76	37.19	20.50
2	बारा बंकी	बजगहनी बड्डूपुर मार्ग (अ0जि0मा0) के किमी-8 स सैंदर से बेहड गोसाई सम्पर्क मार्ग	52/2021/122/23-9-2021-19नार्बाउस)0मा0)/2020	130.11	26.54	103.57	6.02	77.55	20	9.11
									कुल योग-	**29.61**

तालिका-2

(धनराशि रू0 लाख में)

क्रम सं0	जनपद का नाम	मार्ग का नाम	शासनादेश संख्या	स्वीकृत मूल / लागत	दि . 31.3.2017 तक आवंटन	दि . 01.04.2021 को अवशेष	बचत	वर्ष 2021-22 में आवंटन	अद्यतन अवशेष	वित्तीय वर्ष 2021-22 में अवमुक्त धनराशि
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1	उन्नाव	काली मिट्टी-दबौली कि.मी.6 से बायें बबुरिहा सं0मा0 के कि.मी.1 से दायें ख्वाजीपुर से शाहनगर मोड़ वाया इमिलिहा महमूदपुर सम्पर्क मार्ग	66/2020/287/23-9-2020-12नाबार्डस)0मा0)/2019	164.33	0.70	163.63	10.07	130.76	22.8	22.8
2	लखनऊ	बिजनौरसिसेन्डी- मार्ग कि-.मी.8 से भदेसुवाधनवासाण्ड मार्ग से राजा - खेड़ा सम्पर्क मार्ग का निर्माण	73/2020/424/23-9-2020-12नाबार्डस)0मा0)/2019	79.95	46.66	33.29	3.47	16.65	16.64	12.64
									कुल योग-	**35.44**

तालिका-1 (02 चालू कार्य) का योग-	**29.61**
तालिका-2 (02 चालू कार्य) का योग-	**35.44**
(सूची-1+सूची-2) (कुल 04 चालू कार्य) कुल योग-	**65.05**

(अवमुक्त धनराशि रूपये पैंसठ लाख पांच हजार मात्र)

(राजेन्द्र प्रसाद)
उप सचिव

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in